## पौधारोपण के साथ पौधों का संरक्षण भी जरूरी



**बड़वानी।** नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 2 में पर्यावरण संरक्षण के विगत दिनों में मां की बगिया के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। विद्यालय की प्राचार्य करुणा बैस ने बताया कि विगत दिवस में विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कराई गई। संपूर्ण परिसर को पानी से साफ किया गया। इस दौरान साफ-सफाई का हमारी जिंदगी में कितना महत्व है, इस बारे में भी बताया गया। पौधारोपण के दौरान प्राचार्य करुणा बैस ने वर्तमान परिदृश्य में स्वच्छ पर्यावरण को लेकर पौधारोपण का कितना महत्व है और कितनी प्रासंगिकता है। इसे लेकर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि केवल पौधे को लगाने से अपनी जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती, बल्कि इसकी देखरेख और समय-समय पर इसे पानी देना भी हमारी जवाबदारी है। इस दौरान पौधों को रोपने के पहले क्यारियां बनाई गई। जिसके बाद मिट्टी को व्यवस्थित कर विभिन्न तरह के पौधे लगाए गए। पौधारोपण के तहत आम और नीम के पौधों के साथ-साथ सुंदर फूलों के पौधे भी लगाए गए। इस दौरान संतोष शिंदे, चंद्रशेखर चटर्जी, राकेश वर्मा, आराधना श्रीवास्तव भारती पाटीदार आदि मौजूद रहे।

## रक्षाबंधन पर आशा आश्रय गृह में हुआ आयोजन




**बड़वानी।** हम कल्पना भी नहीं कर सकते की एक और जहां जो व्यक्ति मनोविक्षिप्त होकर निराश्रित जीवन जीने को मजबूर था वही चौकसी वाला ज्वेलर्स के समन्वय से आशाग्राम ट्रस्ट द्वारा संचालित आशा आश्रय गृह में लाकर उसे एक नवजीवन प्राप्त हुआ आपसी प्रेम सद्भाव एवं प्राकृतिक माहौल में मनोरोगी एक सामान्य रोगी की तरह शीघ्र उपचारित हो रहे हैं। यह किसी देवीय चमत्कार से कम नहीं है। मात्र साढ़े तीन वर्ष की अवधि में 43 निराश्रित मनोरोगी को अपना जैविक परिवार मिलना नेक कार्य के प्रति ईश्वर का आशीर्वाद ही कहा जा सकता है। आज रक्षाबंधन के पावन त्यौहार पर यहां कार्य करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के द्वारा आश्रय ग्रह के मनोरोगियों को रक्षा सूत्र बांधकर एक बहन के रूप में उनके उत्तम स्वास्थ्य के साथ-साथ शीघ्र उन्हें उनका मूल परिवार मिल जाए कि ईश्वर से प्रार्थना की। भाइयों ने भी बहन के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया एवं अपने आशा आश्रय गृह को संवारने में सहयोग करने का प्रण लिया।

## बैंक में भर्ती का सुनहरा अवसर

**बड़वानी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कॅरियर सेल ने जानकारी दी कि इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सिलेक्शन ने क्लर्क 10277 पदों पर भर्ती 2025 के लिए बम्पर वैकेंसी निकाली है। क्लर्क पद का नाम बदलकर कस्टमर सर्विस एसोसियेट कर दिया गया है। यह भर्ती बैंकिंग क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है।

## फरार कांग्रेस पार्षद की सूचना देने पर भाजपा नेता ने दो लाख के इनाम का किया ऐलान



इंदौर. भाजपा नेता और एमआईसी सदस्य मनीष मामा ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि फरार कांग्रेस पार्षद कादरी की जानकारी देने वाले को 2 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि कादरी की तलाश में पुलिस लंबे समय से जुटी है, लेकिन वह अब तक पकड़ से बाहर है. मनीष मामा ने जनता से अपील की कि कादरी के ठिकाने या गतिविधियों की पुख्ता सूचना तुरंत पुलिस या उन्हें दें, जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान गोपनीय रखी जाएगी.

## थाने में बिठाकर दी कड़ी चेतावनी



**इंदौर.** त्योहारों में माहौल बिगाड़ने वालों पर लसूड़िया पुलिस ने पहले ही नकेल कस दी है. शनिवार को पुलिस ने इलाके के बदमाशों को थाने में बुलाकर लाल और पीले कार्ड थमाए और सख्त लहजे में चेतावनी दी कि जरा-सी भी गड़बड़ी पर सीधे जेल भेज दिया जाएगा. पुलिस अफसरों ने कहा कि त्योहार का मजा चैन से मनाएं, वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें। चेतावनी के बाद सभी को अपने अपने घर भेज दिया.

## महिला की आत्महत्या में प्रकरण दर्ज

**इंदौर.** राऊ पुलिस ने 40 वर्षीय कविता पाटिल की आत्महत्या मामले में एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार, साईं विहार कॉलोनी, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास राऊ निवासी कविता पाटिल 16 जुलाई को अपने घर की रसोई में पंखे से साड़ी का फंदा लगाकर फांसी पर लटकी मिली थीं. जांच में सामने आया कि जलगांव महाराष्ट्र के चौपड़ा निवासी नितिन पंवार राऊ आकर उन पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था और मना करने पर बदनाम करने की धमकी देता था. मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने यह कदम उठाया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## पड़ोसियों ने युवक पर किया हमला

**इंदौर.** राजेंद्र नगर क्षेत्र में पारिवारिक कहासुनी के दौरान बीच-बचाव करने आए पड़ोसियों ने युवक पर पत्थर और लोहे की पत्ती से हमला कर घायल कर दिया. रेती मंडी टापरे में रहने वाले अजय महावी अपनी पत्नी से सब्जी बनाने को लेकर बातचीत कर रहे थे. इस दौरान पड़ोसी निलेश, नवल सिंह और राहुल वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे. आरोप है कि नवल सिंह ने अजय को पकड़ लिया, निलेश ने पत्थर मारकर उसके सिर में चोट पहुंचाई और राहुल ने लोहे की पत्ती से गर्दन पर हमला कर खून निकाल दिया. शोर सुनकर अजय की मां, बहन और पत्नी ने बचाव किया. जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## विश्व आदिवासी दिवस पर रैली का आयोजन



**देपालपुर.** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत ऐतिहासिक रूकमणि कुंड से हुई. रैली गौतमपुरा नाका, बस स्टैंड, इंदौर नाका और चमन चौराहा होते हुए मंडी प्रांगण में समापन तक पहुंची. रैली में बड़ी संख्या में युवा आदिवासी वेशभूषा में शामिल हुए, जो आकर्षण का केंद्र बने रहे. युवाओं ने हाथों में तीर-कमान और भारतीय तिरंगा लेकर पारंपरिक ढोल की थाप पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया. रैली के मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया.

# धूमधाम से मनाया लवकुश जन्मोत्सव

### सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और वरिष्ठ समाजजसेवियों को किया सम्मानित





**बड़वानी, ( नवभारत )।** कुशवाह समाज के आराध्य भगवान लवकुश जन्मोत्सव पर कुशवाह समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। समाज के मीडिया प्रभारी नवीन कुशवाह ने बताया कि भगवान लवकुश की जीवित झांकी के साथ ऑपरेशन सिंदूर की झांकी बना कर युवा कुशवाह युवा संगठन द्वारा विशेष संदेश दिया गया। चल समारोह रानीपुर राम मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचा। जहां महा आरती का आयोजन कर प्रसादी वितरण का किया गया।

अध्यक्ष भागीरथ कुशवाह ने बताया कि समाज के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी तादाद में उपस्थित रहे। शहर के विभिन्न चौराहों पर शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं सहित शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपाधि एमबीबीएस डॉ नंदिनी कुशवाह एवं की आयुष मोगरे को शील्ड और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समाज के वरिष्ठ नागरिक जिन्होंने समाज के प्रति अपने लगनशीलता से सेवा दी है। युवाओं का सत्कार किया। सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन किशोर मोगरे कुशवाह ने किया। आभार समाज के मयूर कुशवाह ने माना। शोभायात्रा में मुख्य रूप से समाज संरक्षक नंदराम कुशवाह, सीताराम कचनारे, विनोद कुशवाह, सुधीर पिपरै, रामू कुशवाह, शोभाराम जीराती, हेमंत कुशवाह, लोकेश लोणारे, तेजू कुशवाह, विनोद जीराती, नरेश कुशवाह, मयूर कुशवाह, महेंद्र कुशवाह सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद थे।

**शोभायात्रा का स्वागत**

- शहर के विभिन्न चौराहों पर शोभायात्रा का स्वागत किया।
- प्रसादी का किया वितरण।

## प्रतिभा योजनांतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी।** प्रतिभा योजनान्तर्गत एकेडमिक वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में निर्धारित पाठ्यक्रम में शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों से प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन एमपी टास पोर्टल पर ऑनलाईन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जेएस डामोर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एकेडमिक वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए आवेदन 10 अगस्त से प्रारंभ होकर 25 सितम्बर तक आमंत्रित किए गए हैं।

## आज होगा नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**बड़वानी।** जिला अस्पताल में चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से सोमवार को नि:शुल्क नेत्र डॉ सुरेखा जमरे और डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित किया जाएगा। डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने कहा कि चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर्स नेत्र मरीजों की जांच करेंगे। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए इंदौर भेजा जाएगा। मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन होंगे। दीपक सोनी ने बताया कि नेत्र मरीजों और उनके परिजनों को लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा नि:शुल्क भोजन कराया जाएगा। शिविर सुबह 9.30 से 1 बजे तक लगेगा। अस्पताल द्वारा लैंस, चश्में, दवाइयां आदि नि:शुल्क दिए जाएंगे।

**एक नजर में** — सेंधवा में विश्व आदिवासी दिवस पर सांस्कृतिक, रौनक, रैली में झलकी परपराओं की चमक, विधायक ने युवाओं से जोश बनाए रखने का किया आव्हान

# आदिवासी दिवस पर उमड़ा जनसैलाब, ढोल की थाप थिरके युवा





**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा 11 अगस्त.** शहर में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित रैली में सांस्कृतिक जोश देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में रैली निकाली गई, ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा थिरके और एकजुट होकर आदिवासी संस्कृति व एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का मुख्य आयोजन किले के पीछे स्थित मंडी शेड में हुआ। यहां आम सभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मोंटू सोलंकी मौजूद रहे।

### आदिवासी संस्कृति और अधिकारों पर चर्चा

सभा में आदिवासी समाज के बुद्धिजीवी वक्ताओं ने संस्कृति, परंपराओं और अधिकारों पर अपने विचार रखे। विधायक सोलंकी ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज अब जागरूक हो चुका है। उन्होंने कहा, श्पहले हमें लूटा जाता था, डराया-धमकाया जाता था और झूठे मामलों में फंसाया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। हम संवैधानिक दायरे में रहकर काम करते हैं और चाहते हैं कि प्रशासन भी इसी दायरे में काम करे। उन्होंने युवाओं से इस जोश और जज्बे को बनाए रखने की अपील की।

### निकली विशाल रैली ढोल की थाप पर थिरकी रैली

सभा के बाद दोपहर 3.30 बजे पुराना एबी रोड से एक विशाल रैली निकाली गई। इस रैली में 20 से अधिक युवा पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और साउंड सिस्टम के साथ आदिवासी गीतों पर थिरकते हुए युवाओं ने रैली में ऊर्जा और उत्साह भर दिया।

### सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन, जगह-जगह हुआ स्वागत

रैली पुराना एबी रोड से शुरू होकर, पुराना बस स्टैंड, किला गेट, फोर्ड गार्डन, मोतीबाग चौक से होते हुई वापस पुराना एबी रोड पर पहुंची। इस दौरान आदिवासी समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत का शानदार प्रदर्शन हुआ। जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया।

### एकता और संकल्प

आयोजन के अंत में समाज के लोगों ने एकजुट होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोने का संकल्प लिया। इस मौके पर विजय सोलंकीए राहुल सोलंकीए कलम अवायाए परसराम ब्रह्मानेए सिलदार सोलंकी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।

### आम सभा का आयोजन

सप्ताह भर चलने वाले उक्त कार्यक्रम का मुख्य आयोजन शहर के किले के पीछे स्थित मंडी शेड में किया गया। यहां आम सभा आयोजित की गई।

# खजराना में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

- ड्रोन से संवेदनशील इलाकों की निगरानी



**इंदौर. आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था और महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खजराना पुलिस ने देर रात क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला. इस दौरान संवेदनशील स्थानों की ड्रोन से सतत निगरानी भी की गई.**

पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह, डीसीपी जोन-2 हंसराज सिंह और एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई. फ्लैग मार्च थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में थाना परिसर से शुरू हुआ, जो बड़ला बंगाली घाटी, गोया रोड, लकड़ी की टॉल, जमजम चौराहा होते हुए श्रीगणेश तिराहे तक निकाला. अंत में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 ने फोर्स को ब्रीफ किया और ड्रोन कैमरे से संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कराया. फ्लैग मार्च में डीसीपी जोन-2 अमरेन्द्र सिंह, एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई, थाना स्टाफ और नगर सुरक्षा समिति के सदस्य शामिल रहे. पुलिस ने इस दौरान लोगों से त्योहारों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की.




## आदतन अपराधियों पर सख्ती, 45 को थमाए यलो नोटिस

इंदौर. आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने आदतन अपराधियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है. जोन-3 के थाना क्षेत्रों में बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई तेज कर दी हैं. बाणगंगा में देर रात 45 ऐसे पूर्व अपराधियों को थाने बुलाकर यलो नोटिस तामील किए गए, जिन्हें पहले भी बाउंड ओवर किया जा चुका है.

डीसीपी जोन-3 हंसराज सिंह और एडीसीपी राम सनेही मिश्रा के निर्देश पर एसीपी स्तर के अधिकारियों को अधिक से अधिक बाउंड ओवर कार्रवाई करने और नोटिस तामील कराने के आदेश दिए गए हैं. नोटिस में चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में पाए गए तो सीधे जेल भेजा जाएगा और जमानत राशि भी जब्त कर ली जाएगी. पुलिस का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधों पर अंकुश लगाना है. आने वाले दिनों में ऐसे आदतन अपराधियों को रेड नोटिस भी थमाए जाएंगे.



## एमआईजी थाना क्षेत्र में गुंडों पर कार्रवाई

### लाल और पीले नोटिस तामील

इंदौर. एमआईजी थाना पुलिस ने क्षेत्र के गुंडों, निगरानी बदमाशों और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत बाउंड ओवर किए गए आरोपियों पर सख्ती दिखाई. पुलिस ने इन पर लाल और पीले नोटिस तामील कर चेतावनी दी कि किसी भी आपराधिक गतिविधि में पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

मामले में थाना प्रभारी सीबीसिंह का कहना है कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और वारदातों पर रोक लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है. नोटिस तामील के दौरान आरोपियों को थाने बुलाकर नियम-कायदों की जानकारी दी गई और भविष्य में कानून तोड़ने पर सीधे जेल भेजने की चेतावनी दी गई.

## एमआईजी थाना क्षेत्र में दो जगह मारपीट

**इंदौर.** एमआईजी थाना क्षेत्र में बीती रात दो अलग-अलग स्थानों पर मारपीट और धमकी की घटनाएं हुईं. दोनों मामलों में आरोपियों ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि पीड़ितों से जान से मारने की धमकी भी दी. पहली घटना पाटनीपुरा मेन रोड स्थित चंद्रपाल अखाड़े के पास रात करीब 11:50 बजे की है. यहां पैसों के लेनदेन को लेकर विकाश भाऊ नामक युवक ने मोहित गोमे को गंदी-गंदी गालियां दीं और मारपीट की. आरोपित ने पीड़ित को जान से खत्म करने की धमकी भी दी. दूसरी वारदात रात 8:30 बजे महाबलेश्वर उद्यान गेट, नादिया नगर में हुई. यहां विवेक पाराशर, हिरेश पाराशर, अश्विन पाल और उनके साथियों ने ऋषि रजक से विवाद किया.

## तीन नाबालिगों को बहला-फुसलाकर ले गए अज्ञात आरोपी

**इंदौर.** शहर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन नाबालिगों को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले दर्ज हुए हैं. थाना राऊ में करण चौहान के 17 वर्षीय बेटे को 26 अप्रैल की सुबह शुभम ग्रीन कॉलोनी स्थित टापरी से अज्ञात आरोपी ले गया. थाना एरोड्रम में आशिया बी की 16 वर्षीय बेटी को 8 अगस्त की शाम गरीब नमाज कॉलोनी से अज्ञात व्यक्ति भगा ले गया. थाना लसूड़िया में सुरेश हिरवे की 15 वर्षीय बेटी को उसी दिन दोपहर संत रविदास नगर से अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया. पुलिस ने तीनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर नाबालिगों की तलाश शुरू कर दी है.

**एक नजर में** — रक्षाबंधन पर इंदौर के चौराहे पर भाईचारे का अनूठा संगम

# यातायात कर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र, तोहफे में मिला हेलमेट

**इंदौर. रक्षाबंधन के दिन शहर की सड़कों पर एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने राहगीरों का दिल छू लिया. चौराहों पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर 'यातायात प्रबंधन मित्र' ने भाईचारे और स्नेह का अनूठा संदेश दिया.**



पिछले दो-तीन वर्षों से रक्षाबंधन पर राखी न बांध पाने का मलाल रखने वाली संगीता तिवारी ने इस बार ठान लिया कि वे अपने 'फर्ज निभाते भाइयों' के साथ यह पर्व मनाएंगी. जैसे ही उन्होंने चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा, उनकी आंखों में खुशी और चेहरे पर अपनापन झलकने लगा. इस मौके पर यातायात के सहायक पुलिस आयुक्त हिंदू सिंह मुवेल ने उन्हें सुरक्षित सफर का संदेश देते हुए हेलमेट भेंट किया. भावुक संगीता बोलीं आज इतने भाइयों का प्यार और आशीर्वाद पाकर मन गदगद हो गया. यह मेरे जीवन का सबसे खास रक्षाबंधन है. मेरी दुआ है कि मेरे सभी भाई हमेशा सुरक्षित रहें. इस अवसर पर संगीता तिवारी का परिवार, एसीपी हिंदू सिंह मुवेल, उपनिरीक्षक नाथूराम दोहरे, सहायक उपनिरीक्षक रामस्वरूप सिंह, प्रधान आरक्षक मुकेश लश्करी, आरक्षक सुमंत सिंह कछावा के साथ यातायात मित्र अरुण घोलप और सतीश शर्मा मौजूद रहे. चौराहे पर बंधी यह राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि भरोसे, सुरक्षा और भाईचारे का अटूट बंधन बन गई.